Total Pages : 8

K-1091

एम. ए. पूर्व हिन्दी (मुख्य) परीक्षा, 2022

हिन्दी

(प्रश्न पत्र-तृतीय)

(आधुनिक गद्य साहित्य)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 100

Minimum Passing Marks : 36

निर्देश : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से **किन्हीं तीन** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। [3×10=30]

   (i) होरी की दशा दिन-दिन गिरती ही जा रही थी। जीवन के संघर्ष में उसे सदैव हार हुई, पर उसने कभी हिम्मत नहीं हारी। प्रत्येक हार जैसे भाग्य से लड़ने की शक्ति दे देती थी, मगर अब वह उस अंतिम दशा को पहुँच गया, जब

उसमें आत्मविश्वास भी न रहा था।

(ii) भूमा का सुख और उसकी महत्ता का जिसको आभास मात्र हो जाता है, उसको ये नश्वर चमकीले प्रदर्शन नहीं अभिभूत कर सकते, दूत। वह किसी बलवान की इच्छा का क्रीड़ा कन्दुक नहीं बन सकता।

(iii) जिस व्यक्ति के अस्तित्व से पत्नी माँग में सिंदूर डालने की अधिकारी है, समाज में उसका कुछ स्थान है, उसके सामने वह दो वक्त भोजन की थाली रख देने से अपने कर्तव्य से छुट्टी पा जाती है। वह धी और चीनी के डिब्बों में इतनी रमी हुई है कि वह उसकी सम्पूर्ण दुनिया बन गई है।

(iv) सामाजिक जीवन की स्थिति और पुष्टि के लिए करूणा का प्रसार आवश्यक है। समाजशास्त्र के पश्चिमी ग्रंथकार कहा करें कि समाज में एक दूसरे की सहायता अपनी-अपनी रक्षा के विचार से की जाती है; यदि ध्यान से देखा जाय तो कर्म क्षेत्र में परस्पर सहायता की सच्ची उत्तेजना देने वाली किसी न किसी रूप में करूणा ही दिखाई देगी।

(v) मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है। जन्मभर की घटनाएँ एक-एक करके सामने आती है। सारे दृश्यों के रंग साफ होते हैं, समय की धुंध ऊपर से बिल्कुल हट जाती है।

2. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

[2×15=30]

(i) 'चंद्रगुप्त' नाटक में इतिहास और कल्पना का मणिकांचन संयोग हुआ है। विवेचना कीजिए।

(ii) 'गोदान' उपन्यास की नायिका धनिया का चरित्र चित्रण कीजिए।

(iii) 'बाणभट्ट की आत्मकथा' की शिल्पगत विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(iv) 'साहित्य की महत्ता' अथवा 'भोलाराम का जीव' निबंध के माध्यम से लेखक के विचार समझाइए।

3. निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए :

[4×5=20]

(i) मन्नू भंडारी का उपन्यास साहित्य

(ii) आचार्य शुक्ल का निबंध साहित्य

(iii) 'मंत्र' कहानी की शिक्षा

(iv) मधूलिका का चरित्र चित्रण

(v) धर्मवीर भारती का नाट्य साहित्य

(vi) 'बिरादरी बाहर' कहानी का उद्देश्य

4. निम्नलिखित में से **किन्हीं बीस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। [20×1=20]

(i) 'भोला राम का जीव' के लेखक कौन हैं?

(ii) 'उत्तर योगी' किसकी कृति है?

(iii) 'आषाढ़ का एक दिन' की नायिका का नाम लिखिए।

(iv) भारतेन्दु युग के दो नाटककार का नाम लिखिए।

(v) 'मधूलिका' किस कहानी की पात्र है ?

(vi) 'कलम का सिपाही' के लेखक का नाम लिखिए।

(vii) 'मैला आँचल' के लेखक कौन हैं?

(viii) प्रेमचंद का जन्म स्थान बताइए।

(ix) सिंहरण किस नाटक का पात्र है?

(x) आप का बंटी किसकी रचना है?

(xi) प्रसाद के दो नाटकों के नाम लिखिए।

(xii) 'बैर क्रोध का अचार या मुरम्बा है' किस लेखक का कथन है?

(xiii) 'प्रियंगुमंजरी' किस नाटक की स्त्री पात्र है?

(xiv) 'चंद्रगुप्त' नाटक के किसी एक विदेशी पात्र का नाम लिखिए।

(xv) 'पुरस्कार' कहानी का नायक कौन है?

(xvi) 'घुमक्कड़शास्त्र' के लेखक का नाम लिखिए।

(xvii) 'कालिदास' किस कृति का नायक है?

(xviii) 'परिन्दे' कहानी के लेखक कौन हैं?

(xix) 'नवाबराय' का सम्बन्ध किस लेखक से है?

(xx) 'यशपाल' की एक प्रसिद्ध कहानी का नाम बताइए।

(xxi) प्रेमचंद ने किस पत्रिका का सम्पादन किया था?

(xxii) 'परख' उपन्यास का सम्बन्ध किस उपन्यासकार से है?

----x----